Regarding construction of Rail Overbridge at Nirmali and Parsa Halt Stations Madhubani

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल) : सभापति महोदय, सुपौल जिला अंतर्गत निर्मली प्रखंड के भूतहा चौक एनएच-27 से मरौना प्रखंड होते हुए मधेपुर (मधुबनी जिला) जाने वाली सड़क पूर्व मध्य रेलवे निर्मली एवं परसा हाल्ट स्टेशन के बीच कोसी आईबी के निकट रोड अण्डरपास है । इससे होकर बड़ी गाड़ी (ट्रक वगैरह) नहीं निकल पाती हैं । मरौना प्रखंड एवं मधेपुर (मधुबनी) जाने का अन्य कोई रास्ता नहीं है । अत: जनहित में रेल मंत्री जी से आग्रह है कि निर्मली एव परसा हाल्ट (पूर्व मध्य रेलवे) के बीच रेल ओवरब्रीज का निर्माण किया जाये ।

महोदय, सहरसा-आनन्द विहार, गरीब रथ ट्रेन नंबर 04031 और 04032 को 01.12.2024 से बंद कर दिया गया है । यह ट्रेन पुन: स्थायी रूप से जनहित में चलाई जाए, क्योंकि सहरसा, सुपौल, दरभंगा होते हुए दिल्ली के लिए कोई भी अन्य ट्रेन नहीं है ।